/

कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,

23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः— 211002

दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:— 0532-2467504 Website: https:\\examregulatoryauthorityup.in

ई—मेल आई डी:— secretarypnp.up@gmail .com

विज्ञप्ति

डी0एल0एड0(बी0टी0सी0) सम्बद्धता—2024—25 आवेदन पत्र आमंत्रित हेतु

शासनादेश सं0 931/अरसठ—4—2023—9(22)/20 बेसिक शिक्षा अनुभाग—4, लखनऊ दिनांक 29.09.2023 द्वारा एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थानों को शैक्षिक सत्र 2024—25 से राज्य सरकार द्वारा सम्बद्धता प्रदान किये जाने हेतु निम्नलिखित समय—सारिणी निर्धारित की गयी है—

क्र0 सं0	. कार्य	निर्धारित अवधि
1	सम्बन्धित जनपद प्राचार्य डायट के कार्यालय में सम्बद्धता हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि	20.10.2023
2	सम्बद्धता हेतु प्राप्त आवेदन पत्र में जिला स्तरीय समिति द्वारा स्थलीय निरीक्षण करके कार्यालय सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को निरीक्षण आख्या सहित पत्रावली प्रेषित करने की तिथि	22.11.2023
3	राज्य स्तरीय समिति की बैठक	12.12.2023
4	राज्य स्तरीय समिति से प्राप्त सम्बद्धता के प्रकरण पर शासन का निर्णय/सम्बद्धता विषयक आदेश निर्गत करने की तिथि	10.01.2024
5	शासन से सम्बद्धता प्राप्त होने के पश्चात सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संस्थानों को सम्बद्धता आदेश निर्गत करना	31.01.2024

शासनादेश दिनांक 29.09.2023 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के वे निजी संस्थान जिन्हें राज्य सरकार द्वारा पूर्व में एन0ओ0सी0 जारी की गयी है तथा एन0सी0टी0ई0 द्वारा मान्यता प्रदान की जा चुकी है, तथा ऐसे निजी संस्थान जिनके द्वारा पूर्व में सम्बद्धता प्रदान करने विषयक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं खण्डपीठ लखनऊ में याचिकाएं योजित की गयी थी, यदि राज्य सरकार से सत्र 2024—25 से सम्बद्धता हेतु इच्छुक हैं तो निम्नलिखित दिशानिर्देशों से साथ आवेदन कर सकते हैं —

1. वेबसाइट **https:\\examregulatoryauthorityup.in** से विवरणिका सहित आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर एवं आवेदन पत्र पूर्ण कर शासनादेश सं0 85/15—11—2010 दिनांक 18.01.2010 एवं संशोधित शासनादेश सं0 1454/15—11—2014 दिनांक 30.09.2014 में दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक अभिलेखों सहित पूरित आवेदन पत्र सम्बन्धित जिले के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) को तीन प्रतियों में **दिनांक 20.10.2023 की सायं 05:00 बजे** तक निश्चित रूप से उपलब्ध करायें।
2. आवेदन पत्र के साथ प्रक्रिया शुल्क रूपये 50,000.00(रूपये पचास हजार मात्र) तथा आवेदन शुल्क रूपये 1000.00(रूपये एक हजार मात्र) का किसी राष्ट्रीय बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0 प्रयागराज के पदनाम से देय होगा, को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त हेतु शासनादेश, विवरणिका एवं आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।
3. आवेदन हेतु निर्धारित तिथि दिनांक **20.10.2023** के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होंगे एवं वांछित अभिलेखों सहित पूरित आवेदन पत्र समय से प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में उनकी सम्बद्धता पर विचार नहीं किया जायेगा।

29.9.2023

(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ0प्र0, प्रयागराज

पृ0सं0 / नि0बी0टी0सी0 / सम्बद्धता / 3738-45 /2024–25 दिनांकः 29 सितम्बर, 2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव, महोदय के संज्ञानार्थ।
2. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
4. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
5. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
6. समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।
7. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

29.9.2023

(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, प्रयागराज